# Daily Current Affairs

Date : 10 March, 2026

CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (CAMPA) राजस्थान |
| 2. | राजस्थान आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक, 2026 |
| 3. | राजस्थान के 04 खिलाड़ी पुलिस उप अधीक्षक (DSP) |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राज्य में 'महिला सुनवाई अभियान'<br>2. राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2026<br>3. 'किशोरी बालिका योजना' का विस्तार<br>4. सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि - ₹1450<br>5. वेदांता का #HerAtTheCore अभियान<br>6. प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान – 2026<br>7. 'स्त्री की दिव्यता' पुस्तक<br>8. कुचामन सिटी के संस्थान का भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) प्रभाग में चयन |
| 5. | आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 |
| 6. | शांति निकेतन |
| 7. | प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट |
| 8. | मार्सुपियल्स (Marsupials) |
| 9. | महासागरीय तापीय ऊर्जा रूपांतरण (OTEC) |
| 10. | महिला कर्मचारियों के लिए SHINE ऐप |
| 11. | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 2026 |
| 12. | जन औषधि दिवस: प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) |
| 13. | THAAD |
| 14. | पहला राष्ट्रीय राजमार्ग हरित आवरण सूचकांक, 2025-26 |
| 15. | भारत का डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) |
| 16. | अंतरराष्ट्रीय मलेरिया सम्मेलन, 2026 |
| 17. | CMS रिपोर्ट |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (CAMPA) राजस्थान

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जयपुर में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में 'प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण' (CAMPA) की संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई।




### मुख्य बिन्दु:

- **CAMPA का पूरा नाम :** Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority.


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2002 में (टी.एन. गोदावर्मन बनाम भारत संघ मामले में) इस निधि को बनाने का आदेश दिया था। इसे क्षतिपूर्ति वनरोपण निधि अधिनियम, 2016 (CAF Act, 2016) के तहत वैधानिक दर्जा दिया गया है।
- **फंड का उद्देश्य :** जब अवसंरचनात्मक विकास कार्यों के लिए वन भूमि का उपयोग किया जाता है, तो उसके बदले में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए यह कोष बनाया गया है।
- राजस्थान में CAMPA फंड का संचालन राजस्थान वन विभाग द्वारा किया जाता है।

**CAMPA फंड के धन का उपयोग:**


- **क्षतिपूर्ति वनरोपण (Compensatory Afforestation) :** नए क्षेत्रों में पेड़ लगाना।
- **सहायक प्राकृतिक पुनर्जनन :** वनों के स्वतः विकास में सहायता करना।
- **वन्यजीव संरक्षण :** अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों का प्रबंधन।
- **बुनियादी ढाँचा :** वनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना का विकास।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक, 2026

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान विधानसभा द्वारा 9 मार्च, 2026 को 'राजस्थान आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक, 2026' ध्वनिमत से पारित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- यह विधेयक अजमेर में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए एक नए राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है।
- विश्वविद्यालय में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा (नेचुरोपैथी), यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसे विषयों में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 :** विश्वविद्यालय के संकाय बोर्ड आयुर्वेद और अन्य पद्धतियों के अध्ययन की देखरेख राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के सिद्धांतों के अनुरूप करेंगे।
- साथ ही, राजस्थान को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढाँचे के साथ-साथ प्रमुख मेडिकल टूरिज्म हब बनाने में भी यह विश्वविद्यालय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **राजस्थान का एकमात्र आयुर्वेद विश्वविद्यालय :** जोधपुर।
- **राजस्थान आयुर्वेद निदेशालय :** अजमेर।
- **राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (NIA) :** जयपुर।
- **राजस्थान में पहला पंचकर्म केंद्र –** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर।
- **पंचकर्म उत्कृष्टता केंद्र (CoE) :** चाकसू (जयपुर)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान के 04 खिलाड़ी पुलिस उप अधीक्षक (DSP)

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार ने मार्च, 2026 में खेल कोटे के तहत रवि बिश्नोई, मानिनी कौशिक, दिव्यकृति सिंह और सचिन तंवर को राजस्थान पुलिस सेवा में पुलिस उप अधीक्षक (DSP) के पद पर नियुक्त किया।








उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान गृह विभाग द्वारा इस सम्बद्ध में हाल ही में आदेश जारी किए गए। इन खिलाड़ियों को 'आउट ऑफ टर्न' पॉलिसी और 'खेल पदक विजेताओं को बिना परीक्षा भर्ती नियम-2017' (संशोधित 2020) के तहत यह नियुक्तियाँ दी गई हैं।
- **रवि बिश्नोई (क्रिकेट) :** भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य और एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट।
- **मानिनी कौशिक (निशानेबाजी) :** ISSF वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता।
- **दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी) :** एशियन गेम्स में घुड़सवारी (ड्रेसाज) में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला घुड़सवार।
- **सचिन तंवर (कबड्डी) :** एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय कबड्डी टीम के सदस्य।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राज्य में 'महिला सुनवाई अभियान'**<br>■ **शुभारंभ :** जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी से राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर द्वारा।<br>■ **आयोजन :** 9 से 14 मार्च, 2025 तक।<br>■ **उद्देश्य :** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने के साथ उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करना।<br>■ इसके तहत देश भर के 500 जिलों में महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के माध्यम से करीब 15,000 महिलाओं की शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। |
| 2. | **राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2026**<br>■ 09 मार्च, 2026 को 'राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2026' राजस्थान विधानसभा से ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।<br>■ राजस्थान पंचायती राज अधिनियम - 1994 की धारा 19 के तहत किसी व्यक्ति के दो से अधिक बच्चे होने पर उसकी पंचायती राज संस्थाओं का सदस्य बनने की पात्रता समाप्त करने का फैसला लिया गया था। जिसे संशोधन विधेयक, 2026 द्वारा समाप्त कर दिया गया।<br>■ दो से अधिक बच्चे होने पर चुनाव लड़ने की पात्रता समाप्त होने के प्रावधान में संशोधन से जो योग्य व्यक्ति दो से अधिक बच्चे होने के कारण पंचायती राज संस्था का सदस्य नहीं बन सकते थे, उन्हें अब चुनावों में भाग लेने का अवसर मिल सकेगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **'किशोरी बालिका योजना' का विस्तार**<br>■ राजस्थान बजट 2026-27 में आकांक्षी जिलों - करौली, धौलपुर, बाराँ, जैसलमेर एवं सिरोही में संचालित 'किशोरी बालिका योजना' का विस्तार किए जाने की घोषणा की गई।<br>■ विस्तार के बाद इस योजना का संचालन आकांक्षी जिलों के साथ – साथ राज्य के समस्त 27 आकांक्षी ब्लॉक्स में किया जाएगा।<br>■ **योजना का मुख्य उद्देश्य :** किशोरियों को पूरक पोषाहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार करना। |
| **4.** | **सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि - ₹1450**<br>■ राजस्थान सरकार ने बजट 2026-27 में सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि को बढ़ाकर ₹1450 प्रतिमाह करने की आधिकारिक घोषणा की।<br>■ **चरणबद्ध वृद्धि :** वर्ष 2024 में पेंशन राशि ₹1000 प्रतिमाह थी, जिसे बढ़ाकर ₹1150 किया गया। इसके बाद वर्ष 2025 में इसे ₹1250 प्रतिमाह कर दिया गया। जनवरी, 2026 में इसे बढ़ाकर ₹1300 प्रतिमाह किया गया और अब राज्य सरकार ने इसे बढ़ाकर ₹1450 प्रतिमाह कर दिया है। इस प्रकार विगत दो वर्षों में पेंशन राशि में ₹450 की वृद्धि हुई है।<br>■ राजस्थान में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 91 लाख से अधिक लाभार्थियों को नियमित पेंशन प्रदान की जा रही है। इनमें वृद्धजन, विधवा एवं एकल नारी, विशेष योग्यजन (दिव्यांगजन) तथा लघु एवं सीमांत कृषक शामिल हैं।<br>■ इन योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को न्यूनतम आर्थिक सहारा उपलब्ध कराना है, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


| | |
|---|---|
| 5. | **वेदांता का #HerAtTheCore अभियान**<br>■ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस - 2026 के अवसर पर वेदांता समूह ने #HerAtTheCore अभियान के माध्यम से अपने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को वर्तमान के 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। |
| 6. | **प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान – 2026**<br>■ **संचालन अवधि :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 16 से 28 फरवरी, 2026 तक राज्यव्यापी 'प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान -2026' का आयोजन किया गया।<br>■ अभियान के दौरान 18 लाख 61 हजार प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा राज्यभर से लगभग 39,000 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया।<br>■ **अभियान का उद्देश्य :** ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाना तथा आमजन में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुकता बढ़ाना। |
| 7. | **'स्त्री की दिव्यता' पुस्तक**<br>■ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस – 2026 के अवसर पर राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी की पुस्तक 'स्त्री की दिव्यता' का विमोचन किया गया।<br>■ इस पुस्तक का प्रकाशन नेशनल बुक ट्रस्ट (NBT) द्वारा किया गया। |
| 8. | **कुचामन सिटी के संस्थान का भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) प्रभाग में चयन**<br>■ कुचामन सिटी स्थित विज्ञान दर्शन रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (VDRO) का शिक्षा मंत्रालय की भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) प्रभाग की वर्ष 2026 सूची में अनुसंधान परियोजना हेतु चयन हुआ।<br>■ भारतीय ज्ञान प्रणाली (IKS) प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अक्टूबर, 2020 में स्थापित एक विशेष सेल है, जो AICTE में स्थित है। इसका उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान, दर्शन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कला का संरक्षण, अनुसंधान और आधुनिक शिक्षा प्रणाली (NEP 2020) में एकीकरण करना है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955

### चर्चा में क्यों?




- ईरान पर इजरायल-अमेरिका के हमलों के कारण पैदा हुए तेल संकट को देखते हुए, केंद्र ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (Essential Commodities Act, 1955) लागू कर दिया।

### मुख्य बिन्दु:

**आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955:**

- यह अधिनियम सरकार को आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन, आपूर्ति, वितरण और व्यापार को नियंत्रित करने की शक्ति देता है। इसका उद्देश्य लोक हित में उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करना और जमाखोरी या कालाबाजारी को रोकना है।
- **आवश्यक वस्तुओं की सूची में शामिल हैं:** दवाएँ, उर्वरक, खाद्य पदार्थ (खाद्य तेल सहित), सूती धागा, पेट्रोलियम और उसके उत्पाद, कच्चा जूट और उससे निर्मित वस्त्र और विभिन्न प्रकार के बीज (फल, सब्जियाँ, पशु चारा)।
- **अधिनियम में 2020 का संशोधन:** संसद ने कृषि वस्तुओं (अनाज, दालें, प्याज, आलू, खाद्य तेल) को विनियमित करने की सरकार की शक्तियों को सीमित कर दिया था। अब इन्हें केवल युद्ध, अकाल, प्राकृतिक आपदा या असाधारण मूल्य वृद्धि जैसी असाधारण स्थितियों में ही विनियमित किया जा सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# शांति निकेतन

## चर्चा में क्यों?

- बंगाल में हाल ही में वसंत उत्सव मनाया गया। यह परंपरा सबसे पहले नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने विश्व भारती, शांति निकेतन में शुरू की थी।



## मुख्य बिन्दु:

### शांति निकेतन:

- पश्चिम बंगाल में स्थित और 1901 ई. में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित।
- यह प्राचीन भारतीय परंपराओं पर आधारित एक आवासीय विद्यालय और कला का केंद्र था।
- वर्ष 1921 में, शांतिनिकेतन में एक 'विश्व विश्वविद्यालय' की स्थापना की गई थी। बाद में इसे 'विश्व भारती' के रूप में मान्यता दी गई।
- इसे 2023 में यूनेस्को द्वारा भारत के 41वें विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी गई थी।
- **भारत में हालिया विश्व धरोहर स्थल:** मोइदाम - अहोम राजवंश की टीला-दफन प्रणाली (2024), मराठा सैन्य परिदृश्य (2025)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट

## चर्चा में क्यों?

- भारत के ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने चेक गणराज्य में आयोजित प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के मास्टर्स वर्ग के 9वें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया।



## मुख्य बिन्दु:

- **नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव (उज्बेकिस्तान):** 6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहें।
- **अरविंद चिदंबरम (भारत):** अरविंद चिदंबरम ने अंतिम दौर में चेक गणराज्य के डेविड नवारा को हराकर 5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया।
- **दिव्या देशमुख (भारत):** चैलेंजर्स वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की हर्बेक स्टेपन को हराकर 5 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- **सूर्य शेखर गांगुली (भारत):** 4 अंकों के साथ 5वें स्थान पर रहें।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भूगोल एवं भू-विज्ञान

## मार्सुपियल्स (Marsupials)

### चर्चा में क्यों?

- लगभग 6,000 वर्षों से विलुप्त मानी जाने वाली एक मार्सुपियल प्रजाति न्यू गिनी के जंगलों में जीवित मिली है।



### मुख्य बिन्दु:

**मार्सुपियल्स:**

- ये ऐसे स्तनपायी हैं, जो अविकसित बच्चों को जन्म देते हैं। ये बच्चे एक थैली (मार्सुपियम) में विकसित होना जारी रखते हैं।
- **वितरण:** मुख्यत: गोंडवानालैन्ड



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक घटनाक्रम

## महासागरीय तापीय ऊर्जा रूपांतरण (OTEC)

### चर्चा में क्यों?

- भारत सरकार लक्षद्वीप के कवरत्ती द्वीप में अपनी तरह का पहला एकीकृत "महासागरीय तापीय ऊर्जा रूपांतरण (Ocean Thermal Energy Conversion) आधारित संयंत्र स्थापित कर रही है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### Ocean Thermal Energy Conversion:

- यह नवीकरणीय ऊर्जा तकनीक है। यह गर्म समुद्री सतही जल और ठंडे गहरे समुद्री जल के बीच तापमान के अंतर का उपयोग करके विद्युत उत्पन्न करती है।
- **शर्त:** इसके लिए लगभग 20°C तापमान के अंतर की आवश्यकता होती है। यह मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय महासागरों (30°N–30°S) में ही संभव है।
- **कार्यप्रणाली:** ठंडा गहरे समुद्री जल और गर्म सतही जल हीट इंजन की तरह कार्य करते हैं, जिससे बिजली उत्पन्न की जाती है।
- **उपयोग:** यह द्वीपीय क्षेत्रों के लिए चौबीसों घंटे बिजली और जल-विलवणीकरण की सुविधा प्रदान करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## समाजशास्त्र

### महिला कर्मचारियों के लिए SHINE ऐप

**चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, भारतीय रेलवे ने कार्यस्थल पर सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर SHINE ऐप लॉन्च किया।**




**मुख्य बिन्दु:**

**यौन उत्पीड़न घटना अधिसूचना सशक्तिकरण (SHINE) ऐप**

- **यह महिला कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने हेतु एक मोबाइल ऐप है।**
- **उद्देश्य: गोपनीयता बनाए रखना और सुनिश्चित करना कि विशाखा दिशानिर्देश (1997) और सरकारी निर्देशों के अनुरूप आंतरिक शिकायत समिति द्वारा शिकायतों का शीघ्रता से समाधान किया जाए।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विधिक मुद्दे

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 2026

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने 8 मार्च, 2026 को संयुक्त राष्ट्र के विषय "अधिकार, न्याय, कार्यवाही: सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए" के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 2026 मनाया।
- केरल पुलिस ने राज्य भर में रात्रि के समय यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए "निर्भया निशा पहल" शुरू करने की घोषणा की।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2026 को आधिकारिक रूप से "अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष" घोषित किया।




### मुख्य बिन्दु:

#### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस:

- **ऐतिहासिक उत्पत्ति:** यह दिन 20वीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में उत्तरी अमेरिका और यूरोप में चले श्रम और मताधिकार आंदोलनों से उत्पन्न हुआ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **पहला राष्ट्रीय महिला दिवस:** अमेरिका में वर्ष 1909 में सोशलिस्ट पार्टी ऑफ अमेरिका द्वारा मनाया गया।
- **औपचारिक मान्यता:** संयुक्त राष्ट्र में पहली बार 8 मार्च, 1975 को अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष के दौरान इसे आधिकारिक रूप से मनाया और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1977 में इस दिन को औपचारिक रूप से मान्यता दी।
- **वैश्विक गिव टू गेन अभियान:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 2026 की ग्लोबल कैंपेन थीम "गिव टू गेन" इस बात पर जोर देती है कि कैसे हमारा आपसी सहयोग जेंडर इक्वालिटी की राह आसान बना सकता है।
- **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह:** मानेकशॉ सेंटर ऑडिटोरियम, नई दिल्ली।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

**राष्ट्रीय महिला आयोग:**


- **स्थापना:** जनवरी, 1992 में 'सरकार ने इस सांविधिक निकाय की स्थापना एक विशेष अधिदेश के साथ की थी।
- **मुख्य उद्देश्य :** महिलाओं के लिए प्रदान किए गए सभी संवैधानिक और कानूनी सुरक्षा उपायों का अध्ययन और निगरानी करना, मौजूदा कानूनों की समीक्षा करना और जहाँ भी आवश्यक हो उनमें संशोधन का सुझाव देना।


**जेंडर इक्वालिटी का समर्थन करने वाले मुख्य संवैधानिक प्रावधान :**

1. अनुच्छेद-15 (भेदभाव को प्रतिबंधित)
2. अनुच्छेद-16 (अवसर में समानता)
3. अनुच्छेद-39 (आजीविका के समान अवसर)
4. अनुच्छेद-42 (प्रसूति सहायता)
5. अनुच्छेद - 243 ( पंचायतों व नगर पालिकाओं में 1/3 आरक्षण)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत सरकार के महिला सशक्तीकरण के प्रयास:







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# योजनाएँ एवं नीतियाँ

## जन औषधि दिवस: प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP)

### चर्चा में क्यों?

- प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना की शुरुआत वर्ष 2008 में 'जन औषधि योजना' के रूप में की गई थी।




### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** जनता को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराना।
- वर्ष 2015 में इसका नाम बदलकर PMBJP कर दिया गया था।
- **नोडल एजेंसी:** औषध विभाग (रसायन और उर्वरक मंत्रालय)।
- **कार्यान्वयन एजेंसी:** फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### PMBJP के तहत प्रमुख पहलें

- **जन औषधि सुविधा सैनिटरी नैपकिन:** महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता को किफायती बनाने हेतु ₹1 प्रति पैड की दर से 'ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल' सैनिटरी पैड प्रदान करना।
- **जन औषधि सुगम मोबाइल ऐप:** एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जो नागरिकों को नजदीकी केंद्र खोजने, दवाओं की उपलब्धता जांचने और कीमतों की तुलना करने में मदद करता है।
- **जन औषधि केंद्रों (JAK) का विस्तार:** देश भर में सस्ती दवाओं तक पहुँच सुधारने और केंद्रों का विस्तार करने के लिए फ्रैंचाइज़ी-आधारित JAK विस्तार।
- **सहकारी क्षेत्रक की भागीदारी:** सस्ती दवाओं की 'लास्ट-माइल डिलीवरी' (अंतिम छोर तक पहुँच) सुनिश्चित करने के लिए सहकारी समितियों के ग्रामीण नेटवर्क का उपयोग करना।
- **रेलवे स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र:** यात्रियों और प्रवासी श्रमिकों को सस्ती दवाएँ उपलब्ध कराना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## THAAD

### चर्चा में क्यों?

- अमेरिका द्वारा विकसित टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (THAAD) मिसाइल रक्षा प्रणाली का परिचालन उपयोग ईरान के साथ चल रहे अमेरिका-इज़राइल संघर्ष के दौरान किया जा रहा है।




### मुख्य बिन्दु:

#### टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस:

- यह एक उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली है। इसे छोटी, मध्यम और मध्यवर्ती दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- **विकास:** लॉकहीड मार्टिन कॉर्पोरेशन (USA)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रौद्योगिकी:** "हिट-टू-किल" गतिज अवरोधन का उपयोग करता है। यह पृथ्वी के वायुमंडल के अंदर और बाहर दोनों जगह लक्ष्यों को नष्ट करता है।
- **घटक:** एक THAAD बैटरी में लगभग 95 कर्मी, ट्रक-माउंटेड लॉन्चर और इंटरसेप्टर मिसाइलें शामिल होती हैं। इसमें AN/TPY-2 रडार और फायर-कंट्रोल सिस्टम भी शामिल हैं।
- **नोट:** भारत रूस से खरीदी गई S-400 ट्रायम्फ वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का संचालन करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## पहला राष्ट्रीय राजमार्ग हरित आवरण सूचकांक, 2025-26

### चर्चा में क्यों?

- 9 मार्च, 2025 को राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे वृक्षारोपण का वैज्ञानिक और मात्रात्मक मूल्यांकन प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NIHAE) ने राष्ट्रीय राजमार्ग हरित आवरण सूचकांक (NH-GCI), 2025-26 पर पहली वार्षिक रिपोर्ट जारी की है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


## मुख्य बिन्दु:

- **रिपोर्ट तैयार:** यह रिपोर्ट भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र (NRSC) के समन्वय से तैयार की गई है।
- **उद्देश्य :** उन्नत अंतरिक्ष आधारित प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के राइट ऑफ वे (ROW) के भीतर हरित आवरण का वैज्ञानिक और मात्रात्मक मूल्यांकन प्रदान करना है।
- **आँकलन :** यह आँकलन उच्च रिज़ॉल्यूशन वाले उपग्रह सेंसरों द्वारा पता लगाए गए क्लोरोफिल की मात्रा से प्राप्त किया जाता है।
- **माप:** NH-GCI को प्रतिशत मान के रूप में दर्शाता है जो राष्ट्रीय राजमार्गों के मार्ग (रोडिंग लाइन) के भीतर हरित आवरण से आच्छादित भूमि के अनुपात को 1KM के स्तर से दर्शाता है।
- **कवरेज :** इस पहले मूल्यांकन-चक्र में जुलाई-दिसंबर, 2024 की अवधि के लिए 24 राज्यों में फैले लगभग 30,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों को शामिल किया गया है।
- **सूचकांक जारी करने का आधार :** यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) और ISRO के राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र (NRSC) के बीच जनवरी, 2024 में हस्ताक्षरित तीन वार्षीय समझौता ज्ञापन के तहत की गई है।
- **राज्यवार आँकलन :**

| रैंक | राज्य |
|---|---|
| Ist | असम |
| 2nd | गुजरात |
| 3rd | तेलंगाना |
| 4th | बिहार |
| 5th | तमिलनाडु |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राजस्थान के संदर्भ में GCI आँकलन :**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## भारत का डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI)

### चर्चा में क्यों?

- भारत डिजिटल प्रणालियों के 'उपभोक्ता' से 'समग्र आबादी' तक डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) पहुँचाने का सफर तय किया है।




### मुख्य बिन्दु:

- इसके लिए "बंद" यानी कुछ लोगों तक सीमित प्लेटफॉर्मों की बजाय "लोक हित" (public good) मॉडल का उपयोग किया गया है।

**डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) क्या है?**

- संयुक्त राष्ट्र (UN) के अनुसार DPI ऐसी बुनियादी डिजिटल प्रणालियाँ हैं जो नागरिकों, व्यवसायों और सरकारों के बीच सुरक्षित संवाद और लेन-देन को सक्षम बनाती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### DPI के लिए आवश्यकता:

- **समावेशी:** भौगोलिक स्थिति या सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी के लिए DPI की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है।
- **सभी प्रणालियों में संचालन योग्य:** ओपन APIs के माध्यम से अलग-अलग प्रणालियों को सहज रूप से एक साथ कार्य करने की सुविधा प्राप्त होती है।
- **सार्वजनिक रूप से शासित:** सार्वजनिक हित की रक्षा करते हुए जनकल्याण की भावना से तैयार किया जाता है।

### डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का महत्त्व

- **विस्तार और दक्षता:** भारत का DPI हर महीने अरबों लेन-देन को बहुत कम लागत पर संभव बनाता है। साथ ही, यह कल्याणकारी योजनाओं के वितरण में लीकेज को काफी कम करता है।
- **आर्थिक प्रभाव:** वैश्विक रियल-टाइम भुगतान लेनदेन की मात्रा में अब UPI की हिस्सेदारी 49% है।
- **प्रत्येक क्षेत्रक में योगदान:** भारत का DPI अब केवल भुगतान तक सीमित नहीं है। इंडिया स्टैक का विस्तार स्वास्थ्य-देखभाल (CoWIN, ई-संजीवनी), शिक्षा (दीक्षा), ई-कॉमर्स और न्यायिक सेवाओं (ई-कोर्ट) तक हो गया है।
- **वैश्विक कूटनीति में योगदान:** भारत सक्रिय रूप से अपने इस सफल मॉडल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी साझा कर रहा है।
- **UPI से सीमा-पार भुगतान:** UPI 8 देशों में संचालित है। ये देश हैं; संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय मलेरिया सम्मेलन, 2026

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के अधीन ICMR - राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान द्वारा नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय मलेरिया सम्मेलन (IMC) का आयोजन किया गया।
- विश्व मलेरिया दिवस प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है।

## मुख्य बिन्दु:


- **आयोजन :** 7 से 9 मार्च, 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- **सम्मेलन का विषय :** "खोज, विकास और डिलीवरी: मलेरिया उन्मूलन और उससे आगे की दिशा में 'प्रगति"।

| दिनांक | केंद्रित | विवरण |
|---|---|---|
| 7 मार्च, 2026 | खोज विषय | वैज्ञानिक सत्र व चर्चाएँ मलेरिया परजीवी जीवविज्ञान, संचरण गतिकी तथा मलेरिया के लगातार बने रहने और दवा प्रतिरोध को प्रभावित करने वाले आण्विक तंत्रों में हुए उन्नत शोधों पर केंद्रित । |
| 8 मार्च, 2026 | विकास विषय | मलेरिया निदान, अनुसंधान उपकरणों और प्रौद्योगिकियों में हुए नवाचारों को रेखांकित किया गया। |
| 9 मार्च, 2026 | डिलीवरी विषय | वैज्ञानिक खोजों को प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों और परिचालन रणनीतियों में रूपांतरित करने पर जोर दिया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :

- **मलेरिया:**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **मलेरिया शब्द :** इतावली भाषा के 'माला आरिया' (खराब हवा) से बना।
- **खोज :** 1880 ई. में फ्रांसीसी चिकित्सक चार्ल्स लुई अल्फोंस लेवरन ने मलेरिया के कारण के रूप में प्लाज्मोडियम नामक प्रोटोजोआ की खोज की।
- **कारण :** प्लाज्मोडिया परजीवी।
- **संचरण :** मादा एनाफिलीज मच्छरों द्वारा।
- **प्रजातियाँ :** मनुष्यों में मलेरिया उत्पन्न करने वाली प्लाज्मोडियम की 5 प्रजातियाँ है। इनमें से प्लाज्मोडियम फेल्सीफेरम सबसे घातक है, जबकि प्लाज्मोडियम विवैक्स सबसे व्यापक रूप से फैला है।
- **प्रभावित :** लाल रक्त कोशिकाएँ (RBC)।
- **उपचार :** क्लोरोक्वीन और आर्टेमिसिनिन औषधि।
- **NOTE:** वर्ष 2015 में यूयूतू को आर्टेमिसिनिन की खोज के लिए शरीर चिकित्सा या चिकित्सा में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया जो मीठे वर्मवुड पौधे आर्टेमिसिया एनुआ से प्राप्त होता है।

**मलेरिया उन्मूलन हेतु भारत की प्रतिबद्धता:**

1. मलेरिया उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय ढाँचा (वर्ष 2016 से 2030)
2. **राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (वर्ष 2023 से 2027):** 'परीक्षण, उपचार, निगरानी' (3T) रणनीति पर केंद्रित है और वर्ष 2027 तक स्वदेशी मामलों को शून्य तक लाने का लक्ष्य रखती हैं।
3. **मेरा इंडिया :** मलेरिया उन्मूलन अनुसंधान गठबंधन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## CMS रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- 'विश्व की प्रवासी प्रजातियों की स्थिति: अंतरिम रिपोर्ट (2026)' प्रकाशित की गई। इसे 'वन्यजीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय (CMS)' के सचिवालय द्वारा प्रकाशित किया गया है।



### मुख्य बिन्दु:

- CMS संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के तहत एक अंतर-सरकारी संधि है।
- भारत इसका पक्षकार है। भारत ने 2020 में गांधीनगर (गुजरात) में CMS के COP-13 की मेजबानी की थी।
- CMS-सूचीबद्ध प्रवासी प्रजातियों में से लगभग 49% की संख्या घट रही है।
- CMS के तहत संरक्षित लगभग 24% प्रवासी प्रजातियाँ वैश्विक स्तर पर विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं।
- 1970 से 2020 के बीच प्रवासी 'ताजे जल की मछलियों' की संख्या में लगभग 81% की गिरावट दर्ज की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR